

# नर्मदा-क्षिप्रा पाइपलाइन फूटी, लाखों लीटर पानी बहा

- दुरस्त करने पहुंची टीम
- यातायात भी रहा अवरूद्ध

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** रविवार को नर्मदा क्षिप्रा लिंक योजना की पाइप लाइन फूट गई. पाइप लाइन फूटने का नजारा इतना भयावह था कि हाईटेंशन लाइन तक पानी का फव्वारा पहुंच गया था. करीब एक घंटे तक लाइन से पानी बर्बाद होता रहा। हालांकि एक घंटे बाद लाइन बंद कर दी गई और सुधार कार्य हेतु टीम मौके पर पहुंच गई थी.

रविवार सुबह नर्मदा-क्षिप्रा पाइपलाइन फूट गई. पाइप लाइन इंदौर-खंडवा रोड स्थित भेरूघाट के पास तेज दबाव के कारण बड़ा लीकेज हो गया. इस दौरान करीब एक घंटे तक पानी के फव्वारे से मनमोहक दृश्य बन गया और सड़क पर यातायात अवरुद्ध हो गया. पाइप लाइन फूटने का नजारा इतना डरावना था कि पास से गुजर रही बिजली हाईटेंशन लाइन तक पानी का फव्वारा पहुंच गया था. हाई प्रेशर के कारण करीब 50 से 75 फीट ऊंचे तक पानी उड़ रहा था. करीब बहुत दूर से पानी उड़ने का नजारा दिखाई दे रहा था. देखते ही देखते लाखों लीटर पानी आसपास के क्षेत्र में फैल गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हालांकि एनवीडीए कंट्रोल रूम को कंप्यूटर पर ही सूचना मिल गई थी. उसी समय एनवीडीए ने पानी सप्लाई रोक दी.

> **विभाग की टीम मौके पर पहुंची**
>
> घटना की सूचना मिलते ही एनवीडीए विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आसपास के क्षेत्र में लोगों की आवाजाही सुधार कार्य होने से बंद कर दी गई थी. बताया जा रहा है सुधार कार्य 80 प्रतिशत 7 बजे तक पूरा हो गया था.

# जलापूर्ति योजना लागू कर प्राथमिकता से पानी की व्यवस्था करें : सीएम

- मुख्यमंत्री ने जल संकट को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में की समीक्षा बैठक
- अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के दिए निर्देश



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को संभागायुक्त कार्यालय में जल संकट को लेकर समीक्षा की. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 24×7 जल नियंत्रण कक्ष में प्रतिदिन सुबह एवं शाम जलापूर्ति की समीक्षा करें. साथ ही संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना लागू कर प्राथमिकता से पानी की व्यवस्था करें.**

आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने इंदौर आए थे. इस दौरान उन्होंने स्थानीय संभागायुक्त कार्यालय में जल संकट को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की ओर वर्तमान जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को नलों से जलप्रदाय के समय में असमानता एवं विसंगतियों को दूर करने के निर्देश दिए. उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं अन्य आवासीय संस्थानों में पानी की विशेष चिंता करने के निर्देश दिए. साथ ही जल चोरी एवं मोटरों के माध्यम से अवैध रूप से पानी खींचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए. बैठक में इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शहर में जल प्रदाय की जानकारी दी. बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड़, उषा ठाकुर, मधु वर्मा, प्रताप करोसिया, सावन सोनकर, श्रवण चावड़ा, गौरव रणदीवे, डॉ. निशांत खरे, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

> **टंकियों को पूरा भरने की योजना बनाएं**
>
> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहर की बड़ी पानी टंकियों को पूरी क्षमता से भरने और समयबद्ध वितरण करने की योजना बनाएं. निजी एवं नगर निगम के टैंकरों की मिनट-टू-मिनट मॉनिटरिंग की जाए तथा पाइपलाइन लीकेज एवं वितरण हानि को तत्काल सुधारकर जल की बर्बादी रोकी जाए. उन्होंने कहा कि भोपाल से वरिष्ठ एसीएस स्तर के अधिकारी पूर्व में भी इंदौर का दौरा कर चुके हैं. जरूरत पड़ने पर उन्हें पुनः भेजा जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संकट की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए.

# खेत में काम के दौरान ट्रैक्टर के नीचे आए बुजुर्ग की मौत

- दूसरी घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक ने तोड़ा दम
- खुड़ैल क्षेत्र में हुए दोनों हादसे, पुलिस जांच कर रही

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** खुड़ैल थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक किसान और एक युवक की मौत हो गई. पहला मामला गोगाखेड़ी का है, जहां खेत पर काम करने के दौरान गिरकर ट्रैक्टर के नीचे आने से 58 वर्षीय किसान की जान चली गई, जबकि दूसरा मामला देवगुराड़िया के पास का है, जहां एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई. पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पहला हादसा खुड़ैल क्षेत्र के गोगाखेड़ी गांव में हुआ, जहां निरंजनपुर निवासी 58 वर्षीय केदार पिता कुंवर अपने खेत पर काम कर रहे थे. खेत में जुताई के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वे चलते ट्रैक्टर से नीचे गिर गए. इसी दौरान ट्रैक्टर का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद आसपास मौजूद लोग उन्हें तुरंत इलाज के लिए गोकुलदास अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन गंभीर चोटों के कारण डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

> **गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल ले जाते वक्त तोड़ दिया दम**
>
> दूसरा हादसा देवगुराड़िया के पास सनावदिया रोड पर हुआ. यहां बड़गांव आगर निवासी 23 वर्षीय प्रीतम सिंह पिता ओमसिंह अपने दोपहिया वाहन से जा रहे थे. इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रीतम सिंह सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने रास्ते में या अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया. खुडैल थाना पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है.

## एयरपोर्ट पर सवारी बैठाने को लेकर विवाद

इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर सवारी बैठाने को लेकर कार चालकों के बीच विवाद हो गया. घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट के अराइवल गेट के बाहर की है. राजनगर निवासी फरियादी रितिक पिता राधेश्याम भावसार अपनी कार से पैसेंजर्स लेने एयरपोर्ट पहुंचे थे. फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी विपुल शर्मा निवासी शक्ति नगर और उसका ड्राइवर राहुल सूर्यवंशी ने दादागीरी करते हुए सवारी बैठाने से मना किया.

## एक नजर में

### नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कई मरीज हुए लाभान्वित



**महू.** जन कल्याण सेवा, चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि :शुल्क सुपर स्पेशलिस्ट कैंप का आयोजन रखा गया. जिसमें पेट से संबंधित बीमारियां अपेंडिक्स, हर्निया, पथरी, नाक-कान गले एवं आंखों से संबंधित सभी रोगों एवं घुटनों के दर्द की जांच की गईं एवं ऑपरेशन योग्य मरीजों का हॉस्पिटल में भर्ती होने पर फ्री इलाज किया गया. इस अवसर पर किडनी रोग विशेषज्ञ, मूत्र रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, सामान्य रोग विशेषज्ञ एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ उपलब्ध रहा. शिविर में अनेक मरीजों ने अपनी जांचें करवाईं एवं मुफ्त दवाई प्राप्त की. इस अवसर पर ट्रस्ट के संजय सोलंकी, जीतू धानुक, संदीप पटेल, शील कुमार, मनीष मुकाती, रोहित चौहान, आशीष मसीह, नवीन चौहान, तरुण परमार, शुभम डोरिया, मनीष चौहान, कपिल डोरिया, लोकेश सोलंकी, मनीष जैदी, नीलू चौहान, दीपेश इंचुकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

### प्रेस क्लब करेगा 10वीं-12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**महू.** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महू प्रेस क्लब द्वारा वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा. इस सम्मान समारोह में महू तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाएगा. प्रेस क्लब अध्यक्ष राधे कौशल एवं महासचिव अंकित राठौर ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा. आयोजन को लेकर शीघ्र ही प्रेस क्लब के सभी सदस्यों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर एवं अंतिम तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी.

### शिव महापुराण कथा में भजनों पर जमकर झूमे मंत्रमुग्ध श्रद्धालु





**महू.** इंदौर रोड स्थित समर्थ पार्क कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा के चौथे दिन भक्ति का ऐसा रंग देखने को मिला, जिसमें एक तरफ जहां प्रवचन में भक्त मंत्र मुक्त हो गए, तो वहीं दूसरी तरफ कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति में श्रद्धालु इस तरह झूमे कि पूरा पंडाल शिवमय नजर आया. मेहरा परिवार द्वारा आयोजित शिव पुराण कथा में चौथे दिन पं. अमित कृष्ण महाराज ने अद्भुत प्रसंग सुनाए. महाराज जी ने कथा में मुख्य रूप से सती चरित्र, शिव-पार्वती विवाह की पूर्व तैयारियों और रुद्र संहिता के प्रसंगों का वर्णन किया. वहीं कथावाचक ने भगवान शिव की महिमा, कामदेव दहन और राजा भद्रायु जैसे शिवभक्तों की प्रेरक कथाओं के माध्यम से धर्म और ज्ञान का संदेश दिया. कथा के दौरान सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गईं. जिसमें महिलाएं झूमने को विवश हो गईं. कथा में व्यास पीठ का पूजन रमेश कुमार मेहरा, आशा मेहरा, शिक्षा मेहरा, श्याम कुमार मेहरा, गीता मेहरा समेत अन्य समाजजनों ने किया.

# ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट के तहत देर रात सड़कों पर उतरी पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने देर रात विशेष अभियान ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट चलाया. राजेंद्र नगर और राऊ थाना पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात तक सघन निगरानी की. 3 से 4 घंटे चले निरीक्षण के दौरान कहीं भी छेड़छाड़ या असुरक्षा की घटना सामने नहीं आई.**

अभियान से पहले मोहल्ला मीटिंग कर महिलाओं से संवाद किया था और ऐसे स्थान चिन्हित किए थे, जहां सुरक्षा को लेकर आशंकाएं रहती हैं. इसके बाद पुलिस उपायुक्त जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत के निर्देशन में सादे कपड़ों में महिला अधिकारी और पुलिसकर्मी केशरबाग ब्रिज, सिलिकॉन सिटी और स्टार सिटी क्षेत्र में देर रात तक तैनात रहे. अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई. जांच के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई.

> **महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता**
>
> एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं शहर में खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें. उन्होंने कहा कि इस तरह के ऑपरेशन से यह संदेश जाता है कि इंदौर में महिलाएं देर रात भी सुरक्षित माहौल में आवागमन कर सकती हैं.

# अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

- भंवरकुआं क्षेत्र में छात्र और परदेशीपुरा क्षेत्र में ड्राइवर ने फांसी लगाई
- दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. भंवरकुआं में छात्र और परदेशीपुरा में ड्राइवर ने यह कदम उठाया. दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

पहला मामला भंवरकुंआ थाना क्षेत्र का है, थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि महू थानांतर्गत ग्राम कवटी निवासी 21 वर्षीय राजू पिता दिनेश निनामा भील निजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था. वह करीब एक महीने पहले भंवरकुआं क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल में रहने आया था. शनिवार को वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो हॉस्टल संचालक सिद्धार्थ को संदेह हुआ. दरवाजा खुलवाने पर राजू का शव पंखे से लटका मिला. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि 27 मई को ड्रिंक एंड ड्राइव कार्रवाई के दौरान उसकी बाइक जब्त कर ली गई थी. परिजनों के अनुसार वह इस बात को लेकर तनाव में था और घर पर नहीं बता पा रहा था. थाना प्रभारी का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है.

> **कुछ दिन पहले नौकरी छोड़ दी थी ड्रायवर ने**
>
> दूसरे मामले में परदेशीपुरा क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय मयंक पिता रवि तिवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. रविवार सुबह परिजनों ने उसे घर में फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि मयंक ड्राइवर था और बेकरी का वाहन चलाता था. उसने कुछ दिन पहले ही नौकरी छोड़ी थी. शुरुआती जांच में सामने आया है कि घटना से एक दिन पहले वह शराब पीकर घर लौटा था. दोनों मामलों में पुलिस ने परिजनों और परिचितों के बयान ले रही है, अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद ही आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो पाएंगे.

# गुंडा परेड और 'स्मार्ट एंड सेफ चाइल्ड' पहल से बढ़ी जागरूकता



**इंदौर.** शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए जोन-2 पुलिस ने विशेष सुरक्षा, यातायात जागरूकता और बाल सुरक्षा अभियान चलाया. अभियान के तहत सघन चेकिंग, गुंडा परेड और बच्चों के लिए 'स्मार्ट एंड सेफ चाइल्ड' जैसी पहल की गई, जिसे जनता का अच्छा समर्थन मिला.

पुलिस उपायुक्त जोन 2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई. खजराना थाना क्षेत्र में बेवजह घूम रहे करीब 35 से अधिक लोगों को थाने लाकर पूछताछ की गई और उनके रिकॉर्ड का सत्यापन किया, आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जा रही है. वहीं, बाल सुरक्षा को लेकर 'स्मार्ट एंड सेफ चाइल्ड' अभियान के तहत सी-21 मॉल, मल्हार मेगा मॉल सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों और अभिभावकों से संवाद किया. पुलिस ने 4 से 8 वर्ष तक के बच्चों को माता-पिता के मोबाइल नंबर, घर का पता और डायल-112 जैसे आपातकालीन नंबर याद रखने के लिए प्रेरित किया. बच्चों को यह भी समझाया गया कि आपात स्थिति या भीड़ में बिछड़ने पर पुलिस, सुरक्षा गार्ड या जिम्मेदार व्यक्ति से तुरंत मदद लें. अभियान में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और सही जवाब देने पर उन्हें पुरस्कृत भी किया. श्री राठौड़ ने बताया कि इस पहल से बच्चों में जागरूकता बढ़ी है और पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है. आगे भी इस तरह के जनसुरक्षा और जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएंगे.

**यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई**-पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी, पुलिस उपायुक्त जोन-2 अमन सिंह राठौड़ और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया. अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहन चालकों की सघन जांच की गई. दोपहिया चालकों को हेलमेट और चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट के उपयोग के लिए प्रेरित किया.

# टक्कर का बहाना बनाकर ऑटो चालक से विवाद, मोबाइल छीना

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक ऑटो चालक से टक्कर का बहाना बनाकर मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है. आरोपी युवक एक्टिवा से आया और टक्कर मारने की बात पर बहस करने लगा. इसी दौरान मौका पाकर ऑटो चालक का मोबाइल छीनकर फरार हो गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

सेक्टर-एफ कुमेड़ी कांकड़ में रहने वाले अमन वर्मा की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है, आरोपी एक्टिवा नम्बर एमपी 09ईए 5522 पर सवार था. अमन ने बताया कि शनिवार को वह ऑटो लेकर मरीमाता क्षेत्र से देवास नाका की ओर जा रहा था. इसी दौरान परदेशीपुरा पेट्रोल पंप के सामने एक युवक ने उसे रोक लिया. उसने आरोप लगाया कि ऑटो की टक्कर उसकी एक्टिवा से हो गई है और इसी बात को लेकर बहस करने लगा. इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर अमन के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और एक्टिवा से फरार हो गया. घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर एक्टिवा नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके.

**एक नजर में** — हालात यह हो गए हैं कि जिस क्षेत्र में जाओ बोरिंग, टैंकरों और टंकियों पर खाली बर्तनों के अंबार दिखाई देते हैं

# एक-एक बाल्टी पानी के लिए दूर-दूर तक भटक रहे श्रीराम नगर के बाशिंदे



**इंदौर.** लगातार आठ बार देश में स्वच्छता में अव्वल रहने वाला इंदौर शहर इन दिनों भीषण जल संकट की चपेट में है. कई क्षेत्रों में तो स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. भीषण गर्मी में जल संकट और भी ज्यादा गहराने लगा है. पहले जैसे-तैसे लोग पानी की जुगाड़ कर लेते थे, पर अब हालात यह हो गए हैं कि जिस क्षेत्र में जाओ बोरिंग, टैंकरों और टंकियों पर खाली बर्तनों के अंबार दिखाई देते हैं.

मामला पालदा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 75 से सामने आया है, जहां भीषण जल संकट से जूझ रहे श्रीराम नगर के रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. नर्मदा लाइन से पानी की आपूर्ति बंद होने के साथ ही नगर निगम के टैंकर भी क्षेत्र तक पर्याप्त संख्या में नहीं पहुंच पा रहे हैं. स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि लोगों को एक-एक बाल्टी पानी के लिए दूर-दराज के इलाकों का रुख करना पड़ रहा है.

पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर क्षेत्रीय पार्षद कुणाल सोलंकी ने क्षेत्रवासियों के साथ स्वयं सड़क पर उतरकर चक्काजाम किया और नगर निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया. स्थिति को देख अधिकारियों द्वारा लगातार आश्वासन दिए गए, लेकिन धरातल पर कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही है. क्षेत्र में दो बोरवेल की मांग की गई थी, लेकिन अब तक केवल एक बोरवेल लगाया गया है.

## यह बोले वार्डवासी...



इस भयावह जल संकट में घर के बच्चे रात को चार बजे उठकर आसपास के क्षेत्र से पानी लाते हैं, हम हमारे क्षेत्र में नर्मदा लाइन चाहते हैं, ताकि दोबारा इस संकट से नहीं गुजरें.

**- आशा राठौर**



इतना आंदोलन किया, अधिकारियों से मिन्नतें कीं, पार्षद तो अधिकारियों के आगे लेट तक गए, पर कोई फायदा नहीं निकला. एक-दो दिन छोड़कर पानी के टैंकर आते हैं, अब निगम क्षेत्र में नर्मदा लाइन डाले.

**- निखिल माझी**



40 साल हो गए नर्मदा की लाइन के वादे सुनते-सुनते, कई पार्षद आए, लेकिन आज तक नगर निगम ने नर्मदा की लाइन क्षेत्र में नहीं डलवाई. क्षेत्र में पानी की किल्लत के अलावा कोई दिक्कत नहीं. **- राधे-राधे**

**क्षेत्र में जल्दी नर्मदा लाइन बिछाएंगे**



क्षेत्र की मुख्य सड़क से झोन 18 की नर्मदा लाइन गुजर रही है, जल्दी क्षेत्र में लाइन बिछाएंगे, नए बोरिंग से पानी नहीं आया, एक और बोरिंग का प्रयास कर रहा हूं. क्षेत्र बड़ा है, दो टैंकर और चाहिए. पानी की टंकी का समय शाम 7 से बढ़कर रात्रि 12 बजे तक होना चाहिए.

**- कुणाल सोलंकी, पार्षद**